हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार, 14 अगस्त 2025
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# हलषष्ठी आज, संतान की लंबी आयु के लिए माताए रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित पूरे अंचल में संतान की लंबी आयु की कामना को लेकर कमरछठ (हलषष्ठी) का पर्व आज बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। भादो महीने के कृष्ण पक्ष के छठी तिथि पर कमरछठ पर्व मनाने की परंपरा है। इस साल 14 अगस्त को सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग में यह पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं अपने बच्चों की दीर्घायु के लिए हलषष्ठी माता की पूजा कर व्रत रखेंगी।

सगरी की पूजा कर देर शाम को पसहर चावल और सात प्रकार के भाजी को मिलाकर बनाई गई सब्जी का सेवन कर व्रत तोड़ेगी। कमरछठ व्रत को लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है। बाजार में पसहर चावल की अच्छी डिमांड है। कमरछठ व्रत में सगरी बनाकर पूजा करने का विधान है। महिलाएं अपनी संतान की दीर्घायु की कामना को लेकर उपवास रखती है।

पूजा के दौरान सगरी में पान, फूल समेत मिट्टी से बने भौरा, बाटी समेत अन्य प्रकार की खेल सामग्रियों को अर्पित करती हैं। हलषष्ठी माता की कथा सुनने के बाद देर शाम को पूजा-अर्चना कर पसहर चावल और 7 प्रकार की मिक्स भाजी का भोग बनाकर इसका सेवन करती हैं। इस त्योहार को लेकर महिलाओं उत्साह देखने को मिला। महिलाएं बाजारों में पसहर चावल एवं पूजा सामानों की खरीदी करने नगर के मार्केट पहुंची जिससे मार्केट एक बार गुलजार हो गया। सड़क किनारों एवं नगर के मुख्य चौराहों पर पसहर चावल एवं पूजा सामानों के लगे अस्थाई दुकानों में भी महिलाएं इन सामानों की खरीदी करते नजर आये।

## हर साल भादो माह की षष्ठी तिथि को किया जाता है यह व्रत

### पूजा की यह है मान्यता

शास्त्रीय मान्यता है कि भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। कृषि कार्यों में इस्तेमाल किए जाने वाले हल को शस्त्र के रूप में बलराम धारण करते थे, इसके चलते इस पर्व को हलषष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं कमरछठ व्रत की पूजा में बिना हल जोते पैदा होने वाले अनाज का भोग लगाकर पूजा करती हैं।



### बिना जुताई वाला चावल होता है पसहर

पसहर चावल की मांग सालभर में एक बार कमरछठ व्रत के लिए होती है। पसहर चावल को बिना जोते खेत से निकाला जाता है। इस साल पसहर चावल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। 100 ग्राम पसहर चावल 20 रुपए तथा 250 ग्राम पसहर चावल 50 रुपए में बिक रही है। इसके साथ ही पूजा के लिए लाई, महुआ फूल, बांस की छोटी टोकरी, खम्हार फूल, चना और जवां एवं महुआ का दोना पत्तल एवं दातून की भी बिक्री हो रही है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने रखा बहुला चतुर्थी व्रत

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के राममंदिर में बहुला चतुर्थी का व्रत रखा गया माताएं ने बहुला चतुर्थी हर साल भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन कृष्ण और गऊ माता की पूजा की जाती है। इस साल बहुला चतुर्थी का व्रत 12 अगस्त मंगलवार रखा गया। बहुला भगवान कृष्ण की सबसे प्रिय गाय थी। वैसे हर महीने की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। चतुर्थी तिथि के दिन दिन माताएं अपनी संतान की रक्षा, घर परिवार में सुख शांति की कामना के लिए इस व्रत को करती हैं। बहुला चतुर्थी की पूजा की गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। नगर के नयापारा से एक व्यक्ति के घर से अवैध रूप से रखे महुआ शराब को सिटी कोतवाली पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि वार्ड नं 8 नयापारा महासमुंद का राहुल यादव अपने घर में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। आरोपी राहुल यादव के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गाली देने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम केना में गाली देने से मना करने को लेकर शुरू हुए विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी प्रमोद ने बताया कि 11 अगस्त को उसके घर के सामने रूपेश नंद गाली गलौज कर रहा था। गाली गलौच करने से मना किया तो रूपेश नंद गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा।

मारपीट करता देख उसका डोलामणि दीप आया और छुडाने लगा तो आरोपी रूपेश दीप का बड़ा भाई मुकेश नंद, त्रिभुवन साहू के घर के पास खडा था, वह राड लेकर दौड़ते हुए आया और राड से उसके लड़के के सिर में मार दिया, जिससे चोट आई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज विवेचना में लिया गया है।

## आंदोलन : 13 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

13 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ ने पटवारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। बुधवार को इस आंदोलन में जिले एवं बागबाहरा ब्लॉक के सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने प्रशासन के समक्ष अपनी 13 सूत्रीय मांग रखी। पश्चात, मौके पर ही कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

महिलाओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा है कि सरकार की कथनी और करनी में कितना फर्क है। बेटी बचाव बेटी पढ़ाव का नारा देने वाली राज्य सरकार की बेटियां भरी धूप में हड़ताल पर बैठने को मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर ने बताया कि उनकी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। मध्य प्रदेश की तरह प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय में वृद्धि की जाए। कार्यकर्ताओं की अन्य मांगों में पर्यवेक्षक भर्ती की मांग शामिल है। आयु सीमा हटाकर 50 प्रतिशत पदोन्नति की मांग की गई है। सहायिकाओं के लिए शत-प्रतिशत पदोन्नति की मांग है। पोषण ट्रैकर ऐप के लिए 5जी मोबाइल और इंटरनेट खर्च की मांग की गई है। कार्यकर्ताओं का मानदेय न काटने और ऑफलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था करने की मांग भी की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि कार्यकर्ता और सहायिका की सेवा समाप्ति पर 10 लाख रुपए दें। उन्होंने कहा कि अबतक गंभीर बीमारी में मेडिकल छुट्टी लेने पर जो मानदेय काटा जाता है वो बिना काटे दिया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ महिला कोष से ऋण की सुविधा और ईंधन राशि समय पर देने की मांग है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण सिलेंडर और चूल्हा उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है। आरटीआई के तहत 3 से 6 साल के बच्चों को स्कूल में भर्ती किया जा रहा है जिसके कारण आंगनबाड़ियों में बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन कम हो रही है, इसके लिए विभाग द्वारा ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए, ताकि आंगनवाड़ियों में बच्चों की कमी ना हो। सुपोषण चौपाल की राशि एवं मातृत्व वंदना की राशि प्रत्येक माह दिया जाए। शासन द्वारा आंगनबाड़ियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें कार्यकर्ताओं के लिए राशि आती है उसका खर्च किया जाए। सम्मान सुविधा प्रणाली को भी बंद किया जाए।

जिलाध्यक्ष और सचिव ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 1 सितंबर को राज्य मुख्यालय में धरना दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इस गुट से जुड़े लगभग 400 आंगनबाड़ी केंद्र बुधवार को बंद रहे।



### धरना में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष अनंता पांडेय, सरायपाली ब्लॉक अध्यक्ष ज्योत्सना नंद, बसना ब्लॉक अध्यक्ष संतोषी यादव, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष प्रभा शालिनी चौहान, सचिव पूजा रानी सलूजा, कोषाध्यक्ष रवीना साहू, राजकुमारी दीवान, कृष्णा महानंद, सुरेश्वरी प्रधान, ज्योति साहू, जानकी चौधरी, सेतोबाई बरिहा, कल्पना कामिनी, पंचलता, सुमित्रा कुलदीप, फरीदा बेगम, ललिता पटेल, मथुरा, रेखा साहू, नंदनी साहू, भामिनी, चंद्रिका यादव, इमला साहू, रुखमणी साहू, रेखा ठाकुर, दुर्गा ठाकुर, फुलकुंवर भट्ट, खिलेश्वरी यादव, धनेश्वरी साहू, शहिदा बेगम, जागेश्वरी ध्रुव, नीलिमा, प्रमिला, सेवती कुमार, सरिता पटेल, सुशीला मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहे।

# अमानक डीएपी उर्वरक पर लाइसेंस निरस्तीकरण व राजसात की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा मेसर्स लक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र, खट्टी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अमानक डीएपी उर्वरक के विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। कृषि विभाग की टीम ने ग्राम परसदा एवं हिच्छा के किसानों द्वारा की गई शिकायत पर विभागीय अफसरों ने ग्राम परसदा के किसान सिन्हा के यहां निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि डीएपी उर्वरक नमीयुक्त एवं निम्न स्तर का है।

उर्वरक निरीक्षक उमेश चंद्राकर द्वारा लक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र से नमूना लेकर उसे उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, लाभांडी रायपुर भेजा गया, जहां से अमानक होने की पुष्टि हुई। संबंधित फर्म के उर्वरक प्राधिकार पत्र निरस्तीकरण की कार्रवाई चल रही है तथा अमानक डीएपी की राजसात कार्रवाई भी होगी। इसी तरह पूर्व में समलेश्वरी कृषि सेवा केंद्र, परसकोल में अवैध रूप से रखे गए 57 बोरी डीएपी को राजसात कर 18,742 शासन के खजाने में जमा किया गया। कार्रवाई में डॉ. परमजीत सिंह कंवर, उमेश चंद्राकर, ब्रजेश तुरकाने, मनोज पटेल, मुरली पटेल और ओमप्रकाश चंद्राकर सहित निरीक्षण दल के सदस्य उपस्थित थे। उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया कि जिले में अमानक उर्वरक विक्रय एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सतत जारी रहेगी।



# स्कूलों में "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का शुभारंभ कल से

### पांच चरणों में स्कूल स्तर से राज्य स्तर तक वाद-विवाद प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रदेश में सतत रूप से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जन-जागरूकता का कार्य किया जाना है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की महत्ता को प्रतिपादित करने विषय पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के माध्यम से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल स्तर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम से शुभारंभ किया जाकर राज्य स्तर पर 13 सितंबर 2025 तक संपन्न होगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में स्कूल स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर, पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित होंगी। प्रथम चरण में ग्राम के हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में समुदाय के बीच होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर केंद्रित पक्ष और विपक्ष संबंधित तर्क-वितर्क देने वाले वाद-विवाद के संवाद तैयार कर उपरोक्त प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देंगे।

# 840 बच्चों का पीटी होगा आकर्षण का केंद्र, मिनी स्टेडियम में हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन बुधवार को स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया गया। कलेक्टर विनय लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने स्वतंत्रता दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल में पुलिस, नगर सैनिक, एनसीसी, एनएसएस की कुल 11 टुकड़ियों की परेड की सलामी ली। रिहर्सल सुबह 9 बजे आयोजित की गई।





इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मंच पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। फुल ड्रेस रिहर्सल में स्कूली बच्चों ने कलेक्टर, एसपी के समक्ष रिहर्सल किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए है। जिले के 6 स्कूलों के बच्चे छत्तीसगढ़ी और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीत संगीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ध्वजारोहण के साथ शुरुआत होगी। इसके बाद 9.03 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा एवं मार्चपास्ट होगा तत्पश्चात मुख्य अतिथि 9.15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर शहीद परिवारों का सम्मान भी किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात 9.50 बजे उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मान किया जायेगा। सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। प्रमुख आकर्षण में 14 शालाओं के 840 बच्चों द्वारा सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन होगा। जो लोगो के लिए आकर्षन का केंद्र बनेगा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने बैठक व्यवस्था,मंच आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। फुल ड्रेस रिहर्सल में अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे क्षेत्र के मूर्तिकार

# गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारी तेज, 27 से पर्व की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर एवं ग्रामीण इलाकों में इन दिनों त्योहारों को लेकर लोगो में उत्साह देखने को मिल रहा है। आने वाले गणेश चतुर्थी को लेकर ग्रामीण एवं शहर के समितियां जोरशोर से तैयारी कर रहे है। 27 साल बाद गणेश चतुर्थी पर्व सर्वार्थ सिद्धि और सिद्ध योग में मनाया जाएगा। 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर शहर समेत विभिन्न वार्डों में पंडाल सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए गणेशोत्सव समितियों ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

इस साल शहर के गणेश पंडालों में राधा-कृष्ण स्वरूप, शिव परिवार, मुंबई स्थित प्रसिद्ध सिद्धि विनायक समेत विभिन्न स्वरूपों में विघ्नहर्ता की प्रतिमा विराजित की जाएगी। गणेशोत्सव पर्व को अब सिर्फ 15 दिन शेष है। ऐसे में मूर्तिकार भी विघ्नहर्ता की प्रतिमा को आकार देने में जुटे हुए हैं। कुम्हारपारा निवासी राजेश चक्रधारी, भरत चक्रधारी ने बताया कि इस साल छोटी प्रतिमाओं के साथ ही 10 से 15 फीट तक की गणेश प्रतिमाओं को आकार देने के लिए आर्डर मिला है। गणेश प्रतिमा बनाने का काम लगभग 70 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। अब प्रतिमाओं को फिनिशिंग देने का काम किया जा रहा है। इसके बाद रंग-रोगन किया जाएगा। इसमें पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाता है। गणेश प्रतिमाओं को लगाए जाने वाले सभी रंग इकोफ्रेंडली यूज किए जाते हैं। इससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है।



### गणपति स्थापना मुहूर्त

लाभ सुबह 6.9 बजे से 7.44 तक ,अमृत सुबह 7.44 बजे से 9.18 तक, शुभ सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.28 तक, अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.30 बजे से दर्पेहर 12.24 बजे तक, चर शुभ दोपहर 3.38 बजे से 5.13 बजे तक, लाभ शाम 5.13 बजे से 6.48 बजे तक।

### घरों एवं चौक-चौराहों में होगी स्थापना

गणेशोत्सव को लेकर गणेश समितियों की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कई समितियां संचालित हैं। इस साल अधिक से अधिक सार्वजनिक स्थानों में स्थापना की तैयारी चल रही है। समितियों ने टेंट, बैंड, डीजे के लिए आर्डर भी दे दिए हैं। घरों में भी स्थापना को लेकर तैयारी जोर पर है। लोग अपने घरों में गणेश के स्थापना को लेकर उत्साहित नजर आ रहे है।

# खाद को लेकर किसानों और समिति प्रबंधक में तीखी बहस

**सरायपाली**। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भंवरपुर के अंतर्गत आने वाली ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लंबर में लगभग 800 किसान पंजीकृत हैं, जिनके पास लगभग 3500 एकड़ जमीन है जिनको शासन द्वारा नियमानुसार प्रति एकड़ हर एक किसान को दो बोरी यूरिया देने का प्रावधान है जो की प्रति एकड़ के हिसाब से 7000 बोरी यूरिया खाद लंबर सोसाइटी में किसानों के लिए खाद की आवश्यकता है। बता दें कि इस साल सोसाइटी में अभी तक पर्याप्त मात्रा में कोई भी खाद उपलब्ध नहीं हो पाया है, जिससे किसान शासन प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश में दिखाई दे रहे हैं। अब किसानों को खेती-किसानी किए दो माह बीत चुका है। लेकिन, अभी तक पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पाई है। अभी तक लंबर सोसाइटी में केवल 2800 बोरी यूरिया प्राप्त हुई है। जबकि 7000 बोरी यूरिया खाद की जरूरत है, ऐसे में शासन-प्रशासन के प्रति किसानों का गुस्सा फूटना वाजिब है। अभी मुख्यमंत्री की आगमन को देखते हुए बिगड़ विगत दिनों शासन-प्रशासन के द्वारा किसानों के मुंह को बंद करने के लिए 650 बोरी यूरिया खाद लंबर समिति को भेज दिया गया। ताकि, किसान चुप हो जाएं जिसको वितरण करने के लिए समिति प्रबंधक के द्वारा किसानों को बुलाया गया। सुबह 6 बजे से ही किसान यूरिया खाद लेने लंबर समिति में डटे हुए थे। क्योंकि, समिति प्रबंधक के आने के बाद समिति प्रबंधक द्वारा किसानों को दो बोरी खाद देने का फरमान सुनाया गया। दो बोरी खाद का फरमान सुनते ही समिति प्रबंधक के ऊपर टूट पड़े किसान और समिति प्रबंधक के बीच काफी देर तक वाद विवाद नोंक झोंक चलती रही। तनाव बढ़ता देख लंबर के कुछ ग्रामीण, सरपंच मदन लाल चौरसिया, सत्तार अली, चंद्रहास चौरसिया, पुरुषोत्तम चौरसिया के द्वारा किसानों और समिति प्रबंधक के बीच चल रहे विवाद को समझाने का काफी प्रयास किया गया एवं खाद आने पर दोबारा यूरिया खाद सभी किसानों को देने का भरोसा दिलाने का समिति प्रबंधक द्वारा दिया गया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। उसके बाद लगभग 300 किसानों को खाद का वितरण किया गया एवं किसानों ने अति शीघ्र ही यूरिया खाद उपलब्ध नहीं कराने पर शासन-प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी है।


























संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**महासमुंद।** मोर तिरंगा, मोर अभिमान। भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद के तत्वाधान में ग्राम खट्टी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यरूप से दिग्विजय साहू दिग्गी अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण मंडल महासमुंद, डॉ माखन सिन्हा महामंत्री, हुलसी जितेंद्र चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत महासमुंद, मेघराज चंद्रसेन मंत्री, सूर्यकांत शर्मा मीडिया प्रभारी, रमेश शर्मा शक्ति केंद्र प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक, गजेंद्र साहू सह संयोजक, टीकम देवांगन बूथ अध्यक्ष, नंदू निषाद खट्टी, पवन साहू सोसाइटी अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। साथ ही कन्या शाला खट्टी, प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र, छात्राएं, शिक्षक गण सभी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। माताओं, बहनों को तिरंगा झंडा भेंट किया गया।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री से प्रवेश

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद में सीबीएसई पाठ्यक्रम कक्षा 11वीं (हिंदी माध्यम) शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु लेटरल एंट्री के माध्यम से रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में रिक्त सीट बालक संख्या 11 है। इच्छुक अभ्यर्थी 18 से 23 अगस्त 2025 तक प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रवेश के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। चयन परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों से प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न पत्र 5 खंडों में होगा

### राम दास मानिकपुरी का निधन

**बसना।** ग्राम पर्रापाठ के रामदास मानिकपुरी पिता बुधराम दास मानिकपुरी (उम्र 38 साल) का 12 अगस्त 2025 को आकस्मिक निधन हो गया। जिनका ग्राम पर्रापाठ में अंतिम संस्कार किया गया। रामदास निर्मला, निर्मल दास, उत्तम दास के पिता एवं भूकेल के पूर्व सरपंच सीडी बघेल के भांजे थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी तादाद में ग्रामीण जन शामिल थे।

# संतान की लंबी आयु, सुख-समृद्धि के लिए महिलाएं रखेगी आज हलषष्ठी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाएं व्रत रखकर सुख समृद्धि की पूजा करेंगी। इस व्रत को लेकर महिलाओं द्वारा बाजार से पूजन सामग्री खासकर महुए का पत्ता, काशी फूल व अन्य पूजन सामग्री लेते देखे गए। हिंदू धर्म में इस दिन का काफी बड़ा महत्व है। इस दिन व्रत रखने से काफी शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन सभी माताएं अपनी संतान की लंबी आयु के लिए पूरे विधि-विधान से व्रत रखती हैं। इस दिन व्रत रखने से साधक को लंबी उम्र का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन व्रत करने वाले साधक को जुताई से उत्पन्न हुआ अनाज का सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन कुछ खास नियमों का सच्चे मन से पालन करना चाहिए। इस दिन व्रत करने वाले साधक को किसी से भी झगड़ा या किसी भी प्रकार का कलह नहीं करना चाहिए। इस दिन अपने बड़ों का आशीर्वाद लेना चाहिए और उनका आदर सम्मान करना चाहिए। इस दिन की पूजा में खेती-बाड़ी से जुड़े प्रतीकों का उपयोग होता है। इस दिन व्रत करने से साधक को बच्चों को बीमारी, डर और बुराइयों से सुरक्षा मिलती है। इस दिन व्रत



करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। इतना ही नहीं जिन लोगों को संतान नहीं हैं अगर वह इस व्रत का पालन करते हैं तो उन्हें जल्दी ही संतान सुख की प्राप्ति होती है। भाद्र मास के कृष्ण पक्ष पष्ठी को हरछठ व्रत मनाया जाएगा। इस दिन माताएं दिनभर उपवास रखने के बाद हलषाठी का पूजा कर कथा सुनकर शाम को बिना हल चले अनाज ग्रहण करेंगी। इसमें पसाई के चावल का विशेष महत्व होता है। महिलाएं व्रत के दौरान इसी की खीर आदि बनाकर खाती है। हलपाठी में हल का उपयोग किए बिना लगे अन्न व फलों का उपयोग किया जाता है। इस दिन माताएं भगवान शंकर व माता पर्वती की मूर्ति बनाकर पूजा करती है और माता रानी व भगवान शंकर से यह कामना करती हैं।

### भैंस के दूध से होता है पूजन

भैस के दूध से और दही का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हल की जोताई और बोआई से उत्पन्न अन्न का त्याग किया जाता है। इस पर्व पर महुआ, आम, पलाश, कांशी के फूल, नारियल, मिठाई रोली-अक्षत फल फूल सहित अन्य पूजन सामग्री से विधि विधान से पूजन करने की परंपरा है। शास्त्रों में संतान की रक्षा के लिए माताओं के लिए यह व्रत श्रेष्ठ बताया गया है।

# जन समुदाय के सहयोग से छात्रों को मिलेगी अब नई पहचान

## स्कूली छात्रों को निशुल्क जूता, मौजा, पानी बॉटल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

गले में टाई, आई कार्ड, पैरों में जूता, मोजा पहने और बैग में पानी बॉटल लिए हुए छात्र की पहचान एक निजी शिक्षण संस्थान के छात्र के रूप में होती है मगर अब रोहिना हाई स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की पहचान भी जूता मोजा, गले में टाई, आई कार्ड पहने हुए छात्र के रूप में होगी। जूता मोजा, गले में आई कार्ड और टाई पहने हुए छात्र जब स्कूल को आएंगे तो निश्चित रूप से एक अलग पहचान बनेगी।

छात्रों को एक नई पहचान दिलाने में जन समुदाय का सहयोग मिला। शासकीय हाई स्कूल रोहिना में विगत दिनों सरायपाली बजाज ऑटो संचालक एवं समाजसेवी मनोज जैन द्वारा छात्रों को निशुल्क




जूता मोजा एवं लक्ष्मीकांत सहायता द्वारा पानी बॉटल का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मंजूदेवी जैन, राशि जैन, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू, सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ एवं चंद्रकुमार पटेल आदि उपस्थित थे। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि इसके पूर्व मनोज जैन द्वारा दूरस्थ ग्रामीण अंचल के छात्रों को प्रोत्साहित करने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

इसी सिलसिले में हाई स्कूल रोहिना के छात्रों को पुरस्कृत करने कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्हें जब जानकारी हुई की अधिकांश बच्चे खाली पैर स्कूल आते हैं तब उन्होंने सभी बच्चों को स्कूली जूता मोजा देने की घोषणा की थी। आज अतिथियों के समक्ष जूता मोजा पाकर बच्चे काफी प्रसन्न हुए। साथ ही लक्ष्मीकांत सहायता द्वारा सभी बच्चों को निशुल्क पानी बोतल भी प्रदान किया गया। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल, एसएमडीसी अध्यक्ष नेपाल साहू एवं सरपंच धनुर्जय मरकाम ने दानदाता जैन परिवार एवं सहायता परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर व्याख्याता केके साहू, शिक्षक लक्ष्मण पटेल, ए के पटेल, कैलाश कमार, लीला पटेल आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सारंगढ़ और सरायपाली कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मार्ग में स्थित स्थानीय नवीन रेस्ट हाउस सरायपाली में अल्प विराम के लिए रूके। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर क्षेत्र की जनसमस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों तथा विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की निष्ठा, परिश्रम और अनुशासन पर आधारित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं तथा जनता के बीच सतत सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं चुनौतियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। जिसमें सरायपाली से



सारंगढ़ रोड की खस्ताहाल स्थिति व खाद की समास्याओं किसानों को होने वाले समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसे मुख्यमंत्री ने इन विषयों पर गंभीरता से विचार कर त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने का आश्वासन दिया।

इस संवाद के दौरान मुख्यमंत्री का सहज, आत्मीय एवं प्रोत्साहनपूर्ण व्यवहार कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर गया। नवीन रेस्ट हाउस सरायपाली में हुई यह मुलाकात मुख्यमंत्री की जनसंपर्क और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायक उदाहरण बनी। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता प्रमोद कुमार सागर, मंडल अध्यक्ष गुंजन अग्रवाल, महामंत्री सुरोती लाल लकड़ा, विदित धनानिया, युवा कार्यकर्ता आशीष सेन, किशन जायसवाल, आदर्श गुप्ता और अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।




### तिरंगा यात्रा निकालकर विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति का संदेश

**पिथौरा (ग्रामीण)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा ने ग्रामवासियों में देशभक्ति और एकजुटता का संदेश प्रसारित किया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे और प्रधान पाठक हितेश पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना था। तिरंगा यात्रा से पूर्व विद्यालय परिसर में पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 110 पौधे रोपे गए, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी विद्यालय में गठित बागवानी दल को सौंपी गई है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच खेदूराम पटेल, शिक्षक तबस्सुम शेख, घनश्याम ठाकुर, संतोष साहू और दिलीप कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लंबर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सरायपाली।** भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा यात्रा अभियान का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला लंबर में हर्षोल्लास के साथ किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे से 10 बजे तक विद्यालय प्रांगण में हुई जहां प्रधान पाठक समारुलाल चौहान एवं गिरीश कुमार पाढी शिव शोभन सिंह ठाकुर चित्रा पटेल निलेश कुमार चौरसिया गौरी शंकर साव, कुमारी प्रिया थवाइत एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष सरपंच मदन लाल चौरसिया ग्राम पंचायत लंबर, पत्रकार सत्तार अली पुरुषोत्तम चौरसिया एवं काफी



संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को तिरंगे का महत्व उसके रंगों का संदेश और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद सभी विद्यार्थी शिक्षक-पालक एवं ग्रामवासी हाथों में तिरंगा यात्रा पर निकले यात्रा स्कूल प्रांगण से ग्राम के मुख्य मार्ग गली चौक चौराहों से गुजरते हुए पुनः स्कूल प्रांगण में पहुंची रास्ते भर भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद के जैसे गगन भेदी नारे लगाए गए। जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया ग्राम के लोग भी इस यात्रा में शामिल होकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में सहभागी बने। विद्यालय में वापसी के बाद विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत किए गए श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक समारूलाल चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज ही नहीं बल्कि देश की एकता सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसका मन बनाए रखें यह आयोजन न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना जागने वाला रहा बल्कि ग्राम के प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने का संकल्प दिलाकर हर घर तिरंगा अभियान को पूर्ण सफलता की ओर लगा।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन एक सितंबर को करेगा जेडी कार्यालय का घेराव

## प्रमोशन की मांग को लेकर 18 अगस्त को कमिश्नर एवं डीपीआई को सौपेंगे मांगों का ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन संभाग रायपुर द्वारा प्रमोशन की मांग को लेकर एक सितंबर को जेडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसे लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रायपुर संभाग प्रभारी देवनाथ साहू, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय पदाधिकारी सुखनंदन साहू, जिलाध्यक्ष धमतरी डा. भूषण लाल चंद्राकर, महासमुंद जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला, गरियाबंद जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर ने बताया कि रायपुर संभाग के शिक्षक एलबी संवर्ग की प्रमुख मांग माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3वर्षों से पदोन्नति न होने से संभाग के शिक्षक एलबी ई एवं टी संवर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कई बार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर को ज्ञापन सौंपा किंतु अधिकारियों द्वारा कभी कोर्ट का हवाला देकर तो कभी उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर पदोन्नति करने की बात कहकर गुमराह करते रहे। जिसके चलते रायपुर संभाग के शिक्षक संवर्ग प्रदेश के चार संभागों के माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदों पर पदोन्नत प्रधान पाठकों से कनिष्ट हो चुके है। जिसका खामियाजा भविष्य की पदोन्नति में भी भुगतना पड़ेगा। अन्य संभागों में वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत दो से तीन बार पदोन्नति हो चुका है किंतु रायपुर संभाग में एक भी बार पदोन्नति नहीं होने से शिक्षक संवर्ग मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति हेतु दायर समस्त याचिका का निराकरण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा किया जा चुका है,इसके बावजूद रायपुर संभाग में पदोन्नति न होना समझ से परे है। उक्त पदोन्नति की मांग को लेकर संभाग स्तरीय बैठक में एक सितंबर को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 18 अगस्त को कमिश्नर, डी पी आई एवं जेडी रायपुर को मांगों का ज्ञापन एवं घेराव का अल्टीमेटम दिया जाएगा। 20 अगस्त को ब्लॉक स्तरीय एवं 21 अगस्त को जिला स्तरीय ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया गया। बैठक में महासमुंद जिला से प्रांतीय पदाधिकारी शोभा सिंह देव, पूर्णानंद मिश्रा, केशव राम साहू, अर्चना तिवारी, सादराम अजय, लालजी साहू, नरेश पटेल, नंदकुमार साहू, विजय प्रधान, लोरिश कुमार, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, पवन साहू, विकास साहू, राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, पुष्पलता भार्गव, मनीष अवसरिया, देवेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल, गौरीशंकर पटेल, सोमनाथ चौहान, देवेंद्र भोई, कैलाश पटेल दमयंती कौशिक सहित प्रांत जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



### कछारडीह मानस गान में शामिल हुए अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत दिनों ग्रामवासियों के बुलावे पर वो कोमाखान तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारडीह में रामचरित मानस गान में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि विगत 23 वर्षों से ग्रामवासी रामचरित मानस गान का आयोजन करते आ रहे हैं, और रामायण का पाठ और प्रभु राम की चर्चा इस मायने में भी हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है कि वो हमारे छत्तीसगढ़ या दक्षिण कौशल के भांजे हैं। अंकित ने कहा कि रामभक्ति के इस भव सागर में डुबकी लगाने का सौभाग्य मिला। अंकित ने कहा कि राम जी के चरित्र से बहुत कुछ सीखने मिलता है और रामचरित मानस सबसे ज्यादा ये सिखाता है कि व्यक्ति जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। अंकित ने कहा जनपद सदस्य पूजा साहू, सरपंच एवन साहू, हीरालाल, प्रेमलाल, राजू यादव, रोहित साहू, रामलाल, सुखदेव, रोहित साहू, रामलाल, घनश्याम,पीतांबर, कृष्णालाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन शामिल थे।

### प्रतिभा पब्लिक में फैंसी ड्रेस एवं ग्रीन बोर्ड डेकोरेसन

**सरायपाली।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व को लेकर स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। आयोजन में नर्सरी से स्मार्ट-2 तक के अध्यनरत विद्यार्थियों में लगभग 60-70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम द्वितीय तल पर स्थिति बीएड सभागार में रखा गया था। नन्हें-नन्हें विद्यार्थी राधा एवं कृष्ण के परिधान में सजे हुए साक्षात राधा-कृष्ण के जीवंत प्रतिमा दिखाई पड़ते थे। कार्यक्रम में शिक्षिका मनीषा बग्गा, अनिता पाणिग्रही, भाग्यलक्ष्मी पटनायक, मनीषा नायक के साथ अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अथवा विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य को लेकर साप्ताहिक बाह्य क्रियाकलाप के अंतर्गत शाला में ग्रीन बोर्ड सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें ग्रीन, सैफरान, ब्लू, एवं व्हाइट हाउस के विद्यार्थियों ने अपना-अपना बोर्ड सजाए। निर्णायकों के अनुसार ग्रीन हाउस को प्रथम एवं ब्लू हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

### शेर में रासेयो इकाई ने निकाली घर-घर तिरंगा यात्रा

महासमुंद। शाउमावि शेर में मोर तिरंगा मोर अभियान के तहत प्राचार्य एसबी लाल के मार्गदर्शन, प्रधान पाठक हितेंद्र शर्मा के निर्देशन व रीचा पटेल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामान्य जनमानस के बीच देशभक्ति की भावना जागृत कर देश के प्रति सम्मान,वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रदर्शित कर उनके बलिदान को याद करना है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता टोहन देवांगन, दिलीप छत्रे, विजयपुरी गोस्वामी, सुषमा साहू, आशा सिन्हा, शोभा दीवान, रेणुका शर्मा, रोहित मिश्रा, नरेश विश्वकर्मा, होश सिन्हा, कोमल साहू, दिव्या ताम्रकार, मधुमति डहरिया, उमाशंकर पटेल, मोनिका मोगरे, डोमेश्वरी साहू, गोदावरी साहू, संगीता तांडेकर, हेमा नेताम, दीपक शर्मा, दिनेश सोनी, समीम कौसर, पद्मा दीवान, मितेश श्याम, अनिता ,गायत्री आदि उपस्थित रहे। रैली में छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर गांव का भ्रमण किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र संघ के पदाधिकारी गण विद्यार्थी उपस्थित रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों मनीषा, सरिता भुनेश्वरी, सेवती, शिवांशी, ऐश्वर्या आदि ने बढ़-चढ़कर रैली में हिस्सा लिया एवं नारे लगाए।

# चिरको महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको जिला - महासमुंद में प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में नवप्रवेशित प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिये उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान, मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, जनभागीदारी समिति के सक्रिय सदस्य सुनील पटेल साथ ही वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एम.एस.वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रथम सत्र में प्राचार्य एचएल दीवान ने एनईपी 2020 के महत्व को बताते हुए छात्र छात्राओं को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को नये - नये कौशल सीखने की बात कही। उन्मुखीकरण के द्वितीय सत्र में एन.ई.पी. क्रियान्वयन समिति के संयोजक तरुण कुमार ध्रुव द्वारा एनईपी 2020 के सेमेस्टर प्रणाली में उपयोग होने वाले सभी शब्दावलियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, साथ ही एनईपी-2020 के प्रावधानों के बारे में बताया। प्रकोष्ठ के सदस्य मनहरण ठाकुर द्वारा चार वर्षीय स्नातक प्रोग्राम के सभी सेमेस्टर के विषयों व मिलने वाले क्रेडिट प्रणाली की जानकारी दी। प्रकोष्ठ के सदस्य लता भोई द्वारा सेमेस्टर प्रणाली में परीक्षा में अंकों का आबंटन व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को डी.एस.ई. की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित शैक्षणेत्तर गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब व क्रीडा के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

























संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

























संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794













संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794













संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

## खबर संक्षेप



### बाल वाटिका एवं किचन गार्डन की हुई शुरुआत

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा संकुल पटेवा में बुधवार को स्व लता ठाकुर की स्मृति में बाल वाटिका एवं किचन गार्डन का निर्माण करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद से लीलाधर सिन्हा एवं संकुल समन्वयक राजू देवांगन की उपस्थिति मे लाल फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ के अवसर पर सिन्हा ने स्व लता ठाकुर को याद करते हुए कहा कि एक छोटी बच्ची का हमारे बीच मे नहीं रहना एक दुखदायी पल है लेकिन उनकी यादों को सहेजना ही बड़ी बात होती है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शाला में एक पेड़ मां के नाम से कटहल व कदम पौधे का वृक्षारोपण सिन्हा के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर शाला के प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा शिक्षक कोमल सिंह दीवान एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन यादव पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर उपाध्यक्ष कमल ध्रुव उमाशंकर यादव रामशरण राजपूत तथा रसोईया चंद्रावती ठाकुर ईश्वरी यादव के साथ-साथ सभी बच्चे उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ बन रहा अपराधगढ़ः झाबक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी



जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा अब छत्तीसगढ़ अब यूपी और बिहार बनता जा रहा है। गुंडातत्व हावी हो रहे हैं पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, प्रतिदिन मर्डर के मामले सामने आ रहे हैं। अर्जुनी के पास ढाबे में दो भाइयों सहित 3 लोगों की हत्या कर दी गई। खुलेआम शराब बिक रहा है और शराब के नशे में छोटी सी बातों में लोग हत्या तक कर डालते हैं। वहीं यूपी, बिहार के अपराधी छत्तीसगढ़ में शरण ले रहे हैं, पुलिस प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### पंचर बनवाने पहुंचे युवक को दुकानदार ने पीटा

**रायपुर।** उरला पुलिस ने मारपीट के मामले में एक पंचर बनाने वाले दुकानदार के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 11 अगस्त के दोपहर 2 बजे कन्हेरा डागा पेट्रोल पंप के पास की है। प्रार्थी खुमेंद्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ट्रक का टायर पंचर हो गया था, जिसे बनवाने के लिए वह राजेश टॉयर दुकान पहुंचा।

### निधन : सोनाऊराम साहू

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम धनोरा के



सोनाऊ राम साहू का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे ग्राम धनोरा निवासी नारायण साहू महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्व विद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिष्ठाता व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा के पिता तथा चित्रलेखा साहू प्रदेश संयोजिका छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के ससुर थे।

# आदिवासी दिवस पर निकली भव्य रैली, पारंपरिक परिधान में दिखे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज विधानसभा क्षेत्र बसना फुलझर राज्य अंतर्गत निवासरत समस्त आदिवासी जनजाति गोंड, सवरा, बिंझवार, कंवर, कोडाकू, खड़िया, उरांव, कोंध, मुण्डा और धनवार समाज एवं शासन के विभिन्न पदों पर सेवारत छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का भव्य आयोजन किया गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त को ही विश्व आदिवासी दिवस मनाये जाने की मान्यता प्राप्त है परंतु 9 अगस्त को भाई-बहनों का पवित्र रक्षाबंधन पर्व और अंचल के गांवों में गोंडवाना भोजली दाई पारंपरिक पूजा पाठ होने के कारण 10 अगस्त को फुलझर राज्य क्षेत्र में सर्वसम्मति से विश्व आदिवासी दिवस सरायपाली में मनाने का सामाजिक प्रस्ताव व निर्णय लिया गया था। इस गौरवशाली ऐतिहासिक दिवस पर आदिवासी समाज के महिला पुरूष युवक-युवतियां और छोटे-छोटे बच्चे भी अपने संस्कृति पारंपरिक परिधान आकर्षक वेशभूषा धोती, कुर्ता, साड़ी, सिर पर कलगी, पीला गमछा से सुसज्जित सतरंगी और पीला झंडा के साथ भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दिये थे।



इस दौरान अखाड़ा दल द्वारा जयस्तंभ चौक पर आत्मरक्षा के लिए पारंपरिक तलवार अस्त्र-शस्त्र भांजने के कला कौशल का प्रदर्शन किए गए। तत्पश्चात जनरैली कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची जहां प्रवेश द्वार पर सामाजिक जनों द्वारा पुरखा देवशक्तियों का चरण प्रक्षालन पुष्पहार पीला अक्षत से स्वागत कर पूजन व मंच स्थल पहुंचे जहां सभी जाति समाज के देवी-देवता के बूढ़ादेव प्रतीक छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्यचित्र की पूजा पाठ बइगा भूमका पंडा पुजारियों के माध्यम से आदिवासी धर्म जाति संस्कृति परंपरागत मंत्रोच्चार के साथ देवाव्हान विधिवत पूजन अर्चना किया गया।

मंचासीन अतिथियों में पूर्व राज्यमंत्री देवेंद्र बहादुर सिंह, चातुरी डिग्रीलाल नंद विधायक सरायपाली, भीखमसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, मोक्ष कुमार प्रधान जिला पंचायत सदस्य, अमृतलाल जगत जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ महासमुंद, जगदीश प्रसाद चौहान अध्यक्ष एससी-एसटी कल्याण संघ सरायपाली, प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपाली, नोविना जगत पूर्व जिला पंचायत सभापति, जगत, वीणा नाग, भूमिका सिदार, अन्नू सिदार आदि सहित बहुसंख्या में सर्व आदिवासी समाज जन उपस्थिति देकर समाज के लिए आयोजन और विश्व आदिवासी गौरव दिवस महापर्व को ऐतिहासिक बना दिया। इस आयोजन में मंचीय कार्यक्रम संचालन चिंतामणी भोई पीताम्बर बाघ एवं राजेंद्र सिंह सिदार ने किया।

## कार्यक्रम : समाज कल्याण, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग का आयोजन

# दिव्यांग आंकलन शिविर में 200 बच्चे और उनके पालकगण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग आंकलन जांच शिविर का आयोजन टाउनहाल परिसर बागबाहरा में किया गया।

उक्त शिविर में लगभग 200 बच्चे और पालक सम्मिलित हुए कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर धूप प्रज्ज्वलित कर हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशवराम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद बागबाहरा, एडिशन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, खल्लारी के पूर्व सरपंच रामजी लाल सिन्हा, डॉ एस बढ़ाई जनपद एडी एकल देव निषाद, जिला एपीसी डी एन जांगड़े, बीआसीसी भूपेश्वरी साहू, स्पेशल एजुकेटर डिंपल जांगड़े, बीआरपी रेखा चौहान की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभिन्न संकुलों से आए संकुल सम्यक भूपेंद्र कुमार निराला, विजय कुमार साहू, ठाकुर राम साहू, देवलाल सिन्हा, मेघराज साहू, प्रदीप वर्मा, गेंदलाल यादव, अनिल पटेल, विद्याधर चंद्राकर, राम चरन ध्रुव, मनोज चक्रधारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पालक में विशेष रूप से राजू साहू, गिरधारी निराला, कुंज बिहारी, नंदकुमार, नागेश्वर तिवारी का योगदान सराहनीय रहा साथ ही डॉक्टर्स पैनल में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे डॉ मानस अंकुर सतपति अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ मंजूषा चंद्र सेन नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ ओकेश्वरी साहू नेत्ररोग विशेषज्ञ, डॉक्टर गरिमा मानसिक योग, डॉक्टर टिकेश्वर गोस्वामी मानसिक योग, डॉ बी एस बढ़ाई शिशु रोग, निर्मल कुमार ऑडियो लार्जेस्ट, संतोष कुमार लिपिक एवं राकेश कुमार धीवर समाज कल्याण विभाग, पुकराम कुर्रे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ दिव्यांग शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष ने मानव सेवा में सहभागी बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संबोधन की शुरुआत किए और कहां की शासन प्रशासन और समस्त यहां उपस्थित विभाग धन्यवाद के पात्र हैं जो आप सब मिलकर दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन और आकलन करके उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं, यह एक मानव और समाज कल्याण का एक हिस्सा है जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं शिविर में अस्थिबाधित, नेत्रबाधित, श्रवण बाधित एवं शिशु रोग दिव्यांग बच्चों के नवीन प्रमाण पत्र या फिर प्रमाण पत्र के नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के लिए शिविर आयोजित कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करके आम जन मानस के तरह दिव्यांग बच्चों के जीवन को सरल बनाने हेतु यह एक बेहतर प्रयास है जिसमें दिव्यांग बच्चों व उनके पालकों से संवाद करके अध्यक्ष जी ने उनके समस्याओं को सुना और कम समय और कम दस्तावेज के साथ त्वरित सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य और समाज कल्याण के अधिकारी को निर्देशित किया। कार्यक्रम में बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किया गया एवं यूडीआईडी हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर जिला चिकित्सालय भेजा गया।

# वीर जवानों के बलिदान को नमन करने का अवसर है तिरंगा यात्राः निखिलकांत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका के अधिकारी–कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाला। उक्त तिरंगा रैली में नगर पालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधो सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों व स्वच्छता दीदीयां शामिल होकर देशभक्ति के जोश में मेरी शान तिरंगा एवं वंदे मातरम्-के नारों से वातावरण गूंजा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देशवासियों के दिलों में देशभक्ति और संविधान के प्रति वफादारी का भाव जागृत कर रहा है। यह रैली जन-जन तक प्रेम एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाने का सराहनीय प्रयास है तथा अपने इतिहास को नजदीक से जानने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा वीर जवानों के बलिदान व गौरवशाली योगदान को याद करने का अवसर देता है।

इस मौके पर गुलशन कुमार साहू सभापति, ज्योति रिंकू चंद्राकर सभापति, सूरज नायक, जय कुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ईश्वरी भोई, पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भाउराम साहू, पीयूष अमृत साहू, धनेश्वरी सोनवानी, सीता टोंडेकर, विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी, नगर पालिका के उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे आदि उपस्थित थे।

# नपा उपाध्यक्ष ने कजली तीज पर्व की बधाई दी



**महासमुंद।** कजली तीज के पावन अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने माहेश्वरी, अग्रवाल, सिंधी समाज के साथ पर्व मनाने वालों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महिलाएं अखंड सौभाग्यवती रहने अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर कजली तीज के दिन उपवास रखती है। रात्रि में पूजा कर चंद्र को अर्क देकर उपवास का पालना करती है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी तीज पर्व पर सिंधी समाज द्वारा आयोजित कजली पूजा में सुरेश खत्री के निवास पहुंचकर शामिल हुये तथा जवारा माता का झुलना किये। सिंधी समाज में अच्छी परंपरा है कि समाज की अधिकांश महिलाये एक जगह एकत्रित होकर सामूहिक पूजन करती है। लगभग कजली तीज पर्व धारण करने वाली महिलायें सामूहिक पूजन करती है तथा अंत में कजली माता की कहानी का श्रवण करती है।

# उच्च शिक्षा का विकास "कल, आज और कल" थीम पर कॉलेज में 23 सितंबर को रजत जयंती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 12 अगस्त 2025 को अलुमनी समिति पदाधिकारी एवं प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक करुणा दुबे प्राचार्य के संरक्षण अमृत चोपड़ा की अध्यक्षता में डॉ. दुर्गावती भारतीय सचिव, मनीष शर्मा सहसचिव, अजय कुमार राजा कोषाध्यक्ष, डॉ रीता पांडेय संयोजक डॉ. मालती तिवारी सहसंयोजक के संयोजन में आयोजित हुआ।

प्राचार्य करुणा दुबे अलु मनी पदाधिकारी एवं प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों के स्वागत उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एकेडमिक विकास में अलुमनी समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है अमृत चोपड़ा अध्यक्ष अलुमनी समिति ने कहा सत्र 2025 -26 हमारे राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर है जब हम इस वर्ष को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं यह वर्ष उत्साह, आत्म अवलोकन का है रजत जयंती के अवसर पर 2000 से 2025 के बीच के महाविद्यालय के




अलुमनी सदस्यों को आमंत्रित कर अलुमनी मीट का आयोजन किया जाएगा। डॉ रीता पांडेय संयोजक, अलुमनी समिति, द्वारा रजत जयंती के उपलक्ष में मनाया जाने वाले अलुमनी मीट कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के तहत रजत जयंती का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में एजेंडावार बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में अलमनी मीट का आयोजन 23 सितंबर को उच्च शिक्षा का विकास कल आज और कल थीम पर किया जाएगा कार्यक्रम आयोजन के लिए कार्य योजना तैयार की गई सत्र 2025 -26 के समिति हेतु कार्य योजना बनाई गई जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालय के अकादमिक विकास हेतु अलुमनी सदस्यों द्वारा व्याख्यान एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त पर संस्था को दान दिए 50 हजार

आगामी 30 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे अलुमनी समिति के स्थाई सदस्य मनोज शर्मा द्वारा 50000 रुपए का दान (चेक) प्रतिभा प्रोत्साहन कोष हेतु प्रदान किया गया। इस राशि से प्राप्त ब्याज राशि से प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थी को एवं वर्ष भऱ भारतीय परिधान में महाविद्यालय आने वाले विद्यार्थी, अधिकारी या कर्मचारी को प्रतिवर्ष मनोज शर्मा माता स्व. सावित्री देवी शर्मा की स्मृति में रजत पदक प्रदान करने हेतु चेक सौंपा गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों सहित प्राचार्य एवं अमृत चोपड़ा द्वारा मनोज शर्मा को पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### इनकी रही गरिमामयी मौजूदगी

उक्त अवसर पर प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य देवीचंद राठी नगर पालिका उपाध्यक्ष, महेश मक्कड़, महेंद्र जैन, डॉ मंजू शर्मा, मनीराम बंसल, प्रभा पंडा, भरत साहू, संजय एक्का, रत्नेश सोनी, गुप्तेश नामदेव, डॉ अजय कुमार देवांगन. प्रियंका सोनवानी, मुकेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान में सहभागिता की गई।

# सांकरा में भारतीय जनता पार्टी ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा में मोर तिरंगा मोर अभियान यात्रा का आगाज - सांकरा जोंक, भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर पूरे प्रदेश में हर मंडल में बूथ स्तर तक मोर तिरंगा मोर अभियान घर-घर तिरंगा के अभियान को लेकर आज सांकरा में जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाली गई। उक्त तिरंगा यात्रा प्रभारी एवं संयोजक जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृत लहरे एवं जनपद सदस्य कवलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में निकाली गई, उक्त यात्रा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से शुरू होकर सीतला माता मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर तक पहुंची एवं पुनः वहां से जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ यात्रा के दौरान भारत माता की जय घोष, तिरंगे झंडे की जय सहित, जय जवान जय किसान एवं वंदे मातरम के नारों के साथ देशभक्ति का जज्बा देखते ही बन रहा था यात्रा के पूर्व सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। उक्त तिरंगा यात्रा में पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष हलधर साहू महामंत्रीद्वय मनोज बारीक झाडूराम परमार जनपद सदस्य अजय अग्रवाल एवं कोलता समाज के



संभागीय महामंत्री एवं जनपद सदस्य मथामणी बढाई, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, कैलाश अग्रवाल, पंच विनय दुबे, सांकरा सहकारीसमिति अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, सपोस सोसायटी अध्यक्ष निरंजन यादव, सरपंच लारीपुर हेमंत ठाकुर, सानटेमरी सरपंच देवेंद्र यादव, माटीदरहा सरपंच सुजाता देवता, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गायत्री डडसेना, देव सराल सरपंच मेहतर चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोविंद साहू, प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य विकास बघेल, सांकरा व्यापारी संघ से रफीक खत्री आशीष प्रधान अविनाश साहू स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य दीपक देवांगन एवं स्टाफ, एवं थाना के स्टाफ सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उक्त तिरंगा यात्रा में ग्रामीण जनों सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा यात्रा में परसवानी रीखा दादर उतेकेल, भगत देवरी, बड़े टेमरी देवसराल सागुनढाप, पीपरौद लोहरीन डोंगरी बल्दीडीहि सपोस

गबोद चार भाटा पाटन दादर के ग्रामीणों ने भी तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीयता का जोश देखते ही बन रहा था अंत में यात्रा का समापन जगन्नाथ मंदिर में सभा के रूप में किया गया इसमें सरपंच सतपाल सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।




